तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

4
ओवरब्रिज के पास कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### शहर का ऐतिहासिक पुल अब मदद की लगा रहा गुहार, कहीं गुजरात जैसे हादसे की न हो जाए पुनरावृत्ति

# सिसक रही राजा चक्रधर की धरोहर, चुप हैं जिम्मेदार
# जिससे जुड़ी हैं रायगढ़ की यादें, वही पुल अनदेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जितेन्द्र मेहर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

आजादी के पहले राजा चक्रधर सिंह की सौगात चक्रधर ब्रिज केलो पुलद्ध का रखरखाव भगवान भरोसे है। 80 साल पुराने इस पुल की कोई सुध लेने वाला नहीं है। रायगढ़ शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति मिल रही है, लेकिन इस दिशा में स्थानीय नेताओं और अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। जिससे तो यही लग रहा है कि शायद उन्हें गुजरात में पुल ढहने जैसी घटना का इंतजार है। इधर नगर निगम भी सिर्फ पुल के रंग-रोगन तक ही सीमित रह गई है।

वैसे तो राजा चक्रधर सिंह ने रायगढ़ को बहुत कुछ दान में दिया है, लेकिन उनके नाम से पहचाने जाने वाले रायगढ़ शहर व उनके कर्मों को को स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी धूमिल करने में लगे हुए हैं। आजादी से पहले राजा चक्रधर सिंह ने नए रायगढ़ की कल्पना कर चक्रधर नगर को बसाया था। वहीं चक्रधर नगर को केलो नदी से उस पार शहर से जोड़ने के लिए ही 27 मार्च 1947 को चक्रधर ब्रिज केलो पुल का निर्माण कराया थाए लेकिन राजा साहब के गुजर जाने के बाद इस पुल की सुध लेने वाला कोई नहीं है। सेतु निगम के अनुसार किसी भी पुल की उम्र अधिकतम 100 साल ही होती है और आमतौर पर निर्माण के 50 साल बाद समय-समय पर कुछ मरम्मत की आवश्यकता होती है। ऐसे में चक्रधर ब्रिज को 80 साल हो गए हैं, लेकिन अब तक इस पुल में मेंटेनेंस तो दूर क्या खामियां है इसकी भी जानकारी लेने वाला कोई नहीं है। नगर निगम द्वारा भी सिर्फ पुल के ऊपरी हिस्से का रंग-रोगन कर खानापूर्ति ही की जाती है। ऐसी स्थिति में पुल का रख.रखाव भगवान भरोसे नजर आ रहा है। अगर नगर निगम, जिला प्रशासन इस पुल का सही ढंग से रख-रखाव करता है तो यह पुल 100 साल से अधिक चलेगा, लेकिन आज पर्यंत तक पुल के पिलर की मजबूती क्या है, कहीं पुल कमजोर तो नहीं हो रह, उसकी गुणवत्ता क्या रह गई है इसकी सुध लेने वाला तक कोई नहीं है। अब शहरवासी यह तक कहने लगे हैं कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को शायद गुजरात की तरह पुल के ढहने का इंतजार है।



किसी भी पुल की उम्र करीब 100 साल होती है, लेकिन बीच बीच में उसका मेंटेनेंस जरूरी है। चक्रधर ब्रिज में अभी तक मरम्मत लायक लक्षण नहीं दिखे हैं, लेकिन इसकी जांच कराई जाएगी फिर उस हिसाब से सुधार कार्य कराया जाएगा।

**आरके वर्मा**
ईई, सेतु निगम रायगढ़।

### राजा के एहसानों को भूली शहर सरकार

राजा चक्रधर सिंह द्वारा बनवाए गए इस पुल पर कहीं भी शहर सरकार द्वारा ऐसा कोई चिन्ह या निशान नहीं बनवाया गया है, जिससे इसका पता चल सके कि यह पुल राजा साहब की देन है। पुल की रेलिंग में उस समय संगमरमर पत्थर में लिखा एक छोटा सा शिलान्यास हैए जोकि अब नजर भी नहीं आता। क्योंकि शहर सरकार द्वारा यहां कोई सजावट ही नहीं की गई है। वहीं इस ब्रिज के बगल में दूसरे पुल पर जिंदल सेतु लिखा हुआ बड़ा सा शिलान्यास राजा साहब के ऐहसानों को चिढ़ाता नजर आता है। शहर की आधी आबादी व आज की पीढ़ी को तो पता ही नहीं है कि यह पुल राजा साहब ने बनवाया है।

### कलकत्ता की गैमन इंडस्ट्रीज ने किया था निर्माण

अंग्रेजों के शासन काल में राजा चक्रधर सिंह ने केलो नदी में पुल बनवाकर रायगढ़ के लिए एक नेक काम कर दिखाया था। उस वक्त पुल के निर्माण का ठेका किसको दिया जाए यह सबसे बड़ी चुनौती थी। देश में उस दौर में कलकत्ता की गैमन कंपनी का डंका था। जिसके निर्माण की गुणवता की पूरे देश में चर्चा थी। तब राजा चक्रधर सिंह ने उक्त कंपनी को ठेका देकर इस पुल का निर्माण कराया था। तब से लेकर आज तक यह पुल अपने स्थान पर अडिग होकर खड़ा है, लेकिन उम्र के हिसाब से पुल की मरम्मत जरूरी है। शहरवासियों को अब स्थानीय विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी पर ही उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### जिले में 578.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 जुलाई तक 578.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 656.2 मिली मीटर, पुसौर में 651, खरसिया में 563.1, घरघोड़ा में 559.8, तमनार में 433.8, लैलूंगा में 509.4, मुकडेगा में 628.9, धरमजयगढ़ में 501.6, छाल में 550.4 एवं कापू में 727.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़।** पं.जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु विद्यार्थियों के चयन के लिए 30 मार्च को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपनी मेरिट सूची संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारीए रायगढ़ कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला.सारंगढ़-बिलाईगढ़ कार्यालय में जाकर देख सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को अपने नाम या अन्य जानकारी में कोई त्रुटि प्रतीत होती है तो वे 26 जुलाई तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, रायगढ़ कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा.आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि डाक द्वारा भेजे गए दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा.आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### शतरंज स्पर्धा में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** भिलाई के अग्रसेन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर अंडर-15 फ़ीडे रेटड शतरंज प्रतियोगिता 17 से 20 जुलाई को संपन्न हुई। जांजगीर-चांपा जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में किड्स प्रमोट चेस अकादमी की होनहार खिलाड़ी आमंदी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंटरनेशनल चेस डे के मौके पर मिली यह उपलब्धि जिले के लिए एक खास उपहार साबित हुई। वहीं प्रथम राठौर एवं वेदांश यादव ने इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी को ड्रा पर रोककर सबको अचंभित किया।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला डिपरीपारा बिरगहनी चांपा के स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पिछले सत्र 2024 - 25 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षिका ममता यादव के द्वारा पेन कॉपी व गिफ्ट के रूप में कंपास बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार छात्रों को प्रोत्साहित करता है और उनकी मेहनत और प्रयास को मानता है। यह छात्रों को प्रेरित करता है कि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कक्षा पांचवी से आर्यन पांडे दुष्यंत कश्यप, कक्षा चौथी से तृप्ति पटेल, अमृता बरेठ, कक्षा तीसरी से लीजा पटेल, जया कुमारी कक्षा दूसरी से हरी चौहान, श्रुति पटेल कक्षा पहली से विवेक पटेल, लकी कुमार को सम्मान किया गया।

# प्रदेश को गुमराह कर रहे भूपेश, बेटा बचाओ मिशन में लगी कांग्रेस : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस की राजनीति का मूल मंत्र है परिवारवाद और भ्रष्टाचार

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रायगढ़ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल अपने बेटे चैतन्य बघेल को बचाने और उसकी राजनीति को चमकाने के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को झोंक चुके हैं।

वित्त मंत्री ने कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी को ढकोसला और जनता को भ्रमित करने का प्रयास बताते हुए कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस की राजनीति का मूल चरित्र बन चुका है और यह अब पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के सामने उजागर हो चुका है। ओपी चौधरी ने गारे पेलमा.2 कोल ब्लॉक से जुड़े मुद्दों पर भूपेश सरकार की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा क्या 16 अक्टूबर 2019 को कांग्रेस सरकार ने इसकी पर्यावरणीय जनसुनवाई नहीं कराई थी। क्या 31 मार्च 2021 को पर्यावरण स्वीकृति की सिफारिश सरकार ने नहीं की थी। क्या 19 अप्रैल 2022 और 23 जनवरी 2023 को फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए कांग्रेस सरकार ने सिफारिश नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में जब महा जैंको ने अदानी को माइन डेवलपर ऑपरेटर बनाया उस समय वहां कांग्रेस समर्थित सरकार थी। ऐसे में कांग्रेस अब किसी और पर आरोप नहीं मढ़ सकती।



### विकास पर हो रही बहस अच्छी बात

रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफ जिला खनिज न्यास और सीएसआर फंड के उपयोग को लेकर लग रहे आरोपों के जवाब में उन्होंने कहा यह अच्छी बात है कि अब बहस कम विकास और ज्यादा विकास को लेकर हो रही है। मैं पूरे प्रदेश और रायगढ़ के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहा हूं। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल भल्ला, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, महापौर जीवर्धन चौहान और भाजपा नेता सुभाष पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# लोगों को गुलाब देकर शहर को स्वच्छ बनाने का निवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सफाई दरोगा, एसएलआरएम सेंटर सुपरवाइजर व स्वच्छता दीदियों ने सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग देने, दो डस्टबिन का उपयोग करने और शहर को स्वच्छता श्रेणी में अग्रणी रखने अनोखी पहल की शुरुआत की है। मंगलवार को चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास, डिग्री कॉलेज रोड और पंजरी प्लांट के सड़क किनारे के व्यवसियों को गुलाब के फूल भेंट कर शहर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के परिणाम में नगर निगम रायगढ़ को 56वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न आयाम के लिए तय अंक तय है, जिसमें हमारा शहर रायगढ़ गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) में पिछड़ गया। गार्बेज फ्री सिटी मुख्य रूप से सोर्स सेग्रीगेशन से जुड़ा हुआ है। यह तभी संभव है जब शहरवासियों द्वारा घरों से निकलने वाले सूखा एवं गीला कचरा को कहीं पर भी नहीं फेंक कर स्वच्छता दीदियों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग कर के दें।



# डायरिया से अब तक 50 से अधिक लोग प्रभावित

**जांजगीर-चांपा ।** जलजनित बीमारी डायरिया जिले में अपना पैर पसार रहा है। खासकर खरौद, हरदी व कुथूर को मिलाकर 54 से अधिक लोग डायरिया प्रभावित पाए गए है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पानी का सेंपल ले रही है। वहीं लोगों को साफ पानी पीने की हिदायत दी जा रही है।

गौरतलब है कि जिले के कई क्षेत्रो में इन दिनो डायरिया का कहर बढता ही जा रहा है। पहले मामला नवागढ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुथुर में सामने आया जहां करीब दर्जन भर से भी अधिक लोग डायरिया प्रभावित पाए गए। जिसके बाद गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित लोगो का इलाज किया गया। नगर पंचायत खरौद में 24 लोगो की पहचान की गई। इस बीच गांव में शिविर लगाकर प्रभावित लोगो का उपचार किया गया। इसके बाद अकलतरा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरदी में भी डायरिया से प्रभावित करीब 18 लोगो की जांच पडताल स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा किया गया। इस बीच जांच के उपरांत 16 लोगो को अस्पताल से छुटटी दे दी गई। वही 2 लोगो को उनकी स्थिती को देखते हुए हरदी के उप स्वास्थय केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो पिछले सप्ताह भर के भीतर डायरिया से करीब 54 लोगो के प्रभावित होने की जानकारियां सामने आई है। हालांकि मामला सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग एवं उनकी टीम द्वारा प्रभावित गांवों का निरीक्षण करके गांव के हैण्डपंप, नलकूप की जांच कराई जा रही है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप

### बांकी नदी पर पुल व पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ की स्वीकृति

**जशपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से जशपुर से गम्हरिया



मार्ग पर बाकी नदी उच्च स्तरीय पूल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 59 लाख 93 हजार रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सड़कों का विस्तार, पुल पुलिया का निर्माण, अधोसंरचना के कार्य स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार निरंतर किया जा रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं के साथ आवागमन में सुविधा हो इसके लिए जर्जर सड़कों को सुधारा जा रहा है और पूलिया का निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है।

### जिले में 1 जून से अब तक 2217.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 5517.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 22 जुलाई तक की स्थिति में 3873.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 56.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 583.1 मिमी, मनोरा में 707.3 मिमी, कुनकुरी में 768.4 मिमी, दुलदुला में 363.1 मिमी, फरसाबहार में 454.8 मिमी, बगीचा में 581.9 मिमी, कांसाबेल में 548.1 मिमी, पत्थलगांव में 445.9 मिमी, सन्ना में 664.6 मिमी एवं बागबहार में 400.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि में प्रभावित हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम बछरांव निवासी स्व. मतियस लकड़ा का नाला डेम के पानी में डूबने से 2 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी जुलेता हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार तहसील के ग्राम हाथीबेड़ निवासी सुबल सिदार का कुंआ के पानी में डुबने से 26 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पत्नी रमीला बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### संविदा पदों की भर्ती हेतु सूची जारी, दावा आपत्ति 31 तक

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के रिक्त पद विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, लेखा सह एमआईएस सहायक एवं भृत्य के संविदा पदों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईटएवं राज्य कार्यालय अथवा कार्यालय के सूचना पटल में जारी किया गया है। किसी भी अभ्यर्थी को यदि कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 31 जुलाई सायं 5 बजे तक जिला पंचायत जशपुर के एनआरएलएम शाखा में अथवा कार्यालय के मेल आईडी में मेल कर प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जिनकी अंकसूची ग्रेडींग में है उन्हें नियमानुसार प्रतिशत दिया गया है, अभ्यर्थी अपने विद्यालय-महाविद्यालय से पूर्णांक प्राप्तांक एवं प्रतिशत की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमां अथवा दिए गए मेल आई डी में मेल करतें हैं तो उन्हें प्राप्त प्रतिशत दिया जाएगा।

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### चार अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**अम्बिकापुर/वाड्रफनगर।** बलरामपुर जिले में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 92 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि तस्कर बेखौफ होकर बस के माध्यम से गांजा की तस्करी कर रहे थे। आरोपियों ने अपने बड़े बड़े बैग में गांजा भरकर रखा गया था और गांजा लेकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे।

### मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या ने की पूजा-अर्चना

# 1 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन शुरु





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रावण मास पर श्रीफलेश्वर महादेव मंदिर बगिया में 1 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विशेष पूजन अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव के रूप में 22 से प्रारंभ होकर 24 जुलाई तक चलेगा।

कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस विशेष आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने भी सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने विधिवत रूद्राभिषेक, शिवलिंग पूजन एवं महाआरती में भाग लिया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन को शास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न कराने हेतु ओडिशा से आए प्रतिष्ठित पंडितों की टीम द्वारा विधिविधान से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन संपन्न कराया जा रहा है। इस अनुष्ठान के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है।विशेष आकर्षण के रूप में श्रीधाम गहिरा की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री द्वारा तीन दिवसीय शिव महापुराण कथा का भावपूर्ण वाचन किया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। उन्होंने प्रथम दिवस की कथा में शिव महिमा, पार्वती विवाह एवं रुद्रावतार की अद्भुत गाथाएं सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट एवं भक्ति ध्वनि से सुसज्जित किया गया है।

**कल होगा समापन**

इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का 24 जुलाई को समापन होगा, जिसमें महापूजन, भंडारा एवं पूर्णाहुति के साथ महाआरती आयोजित की जाएगी।



# औषधी विभाग ने दुकानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खाद्य एवं औषधी प्रशासन जशपुर के द्वारा रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत विशेष जांच अभियान के अंतर्गत खाद्य पदार्थों की जांच किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस 21 जुलाई को कुनकुरी विकाखण्ड के मधुबन स्वीट्स से खोया मावा का नमूना छत्तीसगढ़ राज्य शासन, खाद्य एवं औषधी प्रशासन, नियंत्रक के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के अंतर्गत लिया गया।



- प्रतिष्ठान को साफ-सफाई रखने और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

यह कार्रवाई आगामी रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा की निगरानी के उद्देश्य से की गई है। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान को स्वच्छता बनाए रखने एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार राम एवं रोशन वर्मा की टीम द्वारा कार्यवाही की गई। इसी प्रकार राज्य शासन एवं नियंत्रक, खाद्य के निर्देशानुसार बाजार में बिक रही नकली प्रसाधन सामग्रियों पर लगाम लगाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 के अनुसार बिना अनुज्ञप्ति के प्रसाधन सामग्री के संधारण पर नियमानुसार कार्रवाई करने थोक और फुटकर औषधी विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान पत्थलगांव में स्थित सिंघल ब्रदर्श के यहां से काजमेटिक्स का 2 नमुना संग्रहण किया गया। इसी तरह मा ट्रेडर्स, अकाशगंगा स्टोर, माधव जनरल स्टोर में काजमेटिक्स के क्रय-विक्रय का सघन जांच किया गया और विकास मेडिकल स्टोर, गोयल मेडिक स्टोर पत्थलगांव एवं अग्रवाल मेडिकल एजेंसी लुडेग थोक विक्रेताओं का नारकोटिक्स दवाईयॉ एवं गर्भपात फुटकर दुकानों पर जांच की कार्यवाही की गई।

निरीक्षण में जिले के औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते और मनीष कंवर उपस्थित थे।

**जनपद सदस्य ने जाना हालचाल, क्षेत्र में तड़ित चालक लगाने की मांग**

# हर्राडीपा में आकाशीय बिजली की चपेट में आई महिला, सन्ना सीएचसी में भर्ती

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम हर्राडीपा में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला झुलस गई। पीड़िता देवंती बाई, पति गुलाब सोनवानी उम्र 24 वर्ष, जाति घांसी, अपने घर में बैठी थीं जब बिजली गिरने से निकट प्रभाव के कारण उन्हें झटका लगा और वह अचेत होकर गिर पड़ीं।



परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम सरपंच से संपर्क किया, जिन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपनी निजी गाड़ी से महिला को तत्काल सन्ना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही जनपद सदस्य अस्पताल पहुंचे और पीड़ित महिला व परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से महिला के इलाज की पूरी जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राकेश गुप्ता ने प्रशासन से मांग की कि पूरे क्षेत्र में तड़ित चालक लगाए जाएं, ताकि ग्रामीण इलाकों में इस तरह की घटनाओं से जनहानि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि हमें प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सुरक्षा उपायों को गंभीरता से लेना होगा।

**ग्रामीणों में भय, प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग**

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे सन्ना ब्लॉक सहित आसपास के संवेदनशील गांवों में आकाशीय बिजली से बचाव के लिए वज्रपात चेतावनी प्रणाली और तड़ित चालक लगाए जाएं। साथ ही, ग्रामीणों को आपदा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष शिविर चलाने की भी मांग उठी है।

### गौरी मंदिर में फाउंडेशन के तत्वाधान में भंडारा कल

**अम्बिकापुर।** राजेन्द्र नाथ तिवारी फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित जन जागृति कार्यक्रम, सेवा कार्यक्रम, भंडारा कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित कर समाज के विभिन्न वर्गों में सामाजिक उत्थान का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें फाउंडेशन के कार्यों में समाज के सभी वर्ग के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। सामाजिक क्षेत्र में राजेन्द्र नाथ तिवारी फाउंडेशन के आगामी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने का लक्ष्य निर्णय लिया है।

# कांग्रेस ने किया दो घंटे चक्काजाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस ने आज पूरे प्रदेश में नाकेबंदी एवं चक्काजाम दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच में किया। ईडी के द्वेषपूर्ण कार्रवाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिले में जिला स्तरीय चक्का जाम का कार्यक्रम हुआ।

वहीं कांसाबेल में जिला स्तरीय कार्यक्रम रखा गया था जहां जिले के कोने कोने से कांग्रेसी पहुंचकर सरकार पर जमकर बरसे। मुख्य बात यह रही कि कांसाबेल मुख्य चौक एनएच 43 जाम रखा जहां चारो रोड 2 घण्टा तक जाम रहा 2 बजे बाद कांग्रेसी चक्का जाम खोले तब जाकर सड़क में आवागमन सुचारू रूप से ठीक हुआ। इस अवसर पर जिला प्रभारी भानुप्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज सागर यादव, पूर्व विधायक विनय भगत, पूर्व विधायक यूडी मिंज, प्रदेश महासचिव आरती सिंह, नगरपंचायत अध्यक्ष कुनकुरी विनयशील, जिला कोशा ध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, महेश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस रवि शर्मा, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस रतना पैंकरा, हंसराज अग्रवाल, कुलविंदर भाटिया, परमेश्वर यादव, सुमित शर्मा, मार्शल एक्का, परमेश्वर भगत, सहस्त्रांशु पाठक, मनमोहन भगत, हरगोविंद अग्रवाल, अरविंद साय, बुधराम वनवासी, पूनमचंद पैंकरा, एस इलियास, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस अजित साय, वरिष्ठ कांग्रेसी कुलवंत सिंह भाटिया, नासिर अली, अंजना मिंज, अनिल किस्पोट्टा, जगन्नाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर किया आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन

### रांची से दबोचा गया कियोस्क सेंटर लूटकांड का मास्टरमाइंड



**जशपुरनगर।** ग्राम बटईकेला में पिछले वर्ष नवंबर में हुए बहुचर्चित कियोस्क बैंक लूट और गोलीकांड के मास्टरमाइंड रवि उरांव को जशपुर पुलिस ने आखिरकार रांची से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने दो बार उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह हर बार चकमा देकर भाग निकला। तीसरे प्रयास में साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की सयुंक्त कार्रवाई से रवि उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना 5 नवम्बर 2025 को कांसाबेल थाना क्षेत्र के ग्राम बटईकेला की है, जहां कियोस्क बैंक में दो बदमाशों ने लूट के इरादे से धावा बोला। संचालक शंभु कुमार से रुपयों की मांग की गई और विरोध करने पर उसके सिर पर कट्टे से हमला किया गया। इसी बीच शोर सुनकर शंभु की दादी, 70 वर्षीय उर्मिला बाई वहां पहुँचीं और विरोध करने लगीं, जिस पर एक आरोपी ने उर्मिला बाई पर गोली चला दी। जिससे उर्मिला बाई की मौत हो गई थी। पहले तीन आरोपी जा चुके हैं जेल-घटना की जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही इस मामले में तीन आरोपियों रातु राम, पितुल राम और सितुल राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ में पता चला कि इस लूट की पूरी साजिश जेल में तैयार की गई थी।

# कुष्ठ व टीबी की पहचान के लिए चलाएं पखवाड़ा : कलेक्टर

### कलेक्टर कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों के साथ जिले के प्रगतिरत कार्यों और प्राप्त आवेदनों का समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. निराला को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में विशेष पखवाड़ा अभियान की रूपरेखा बनाकर टीबी, सिकलसेल, कुष्ठ से प्रभावित इलाकों का सघनता से घर-घर जाकर सर्वे कराएं। इस सर्वे कार्य में डॉक्टर, नर्स, आं ग न बा ड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन सभी का सहयोग लें।




इसके साथ बीमारी की संभावित क्षेत्रों जैसे महानदी किनारे बसे गांवों में भी सर्वे (स्क्रीनिंग) करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस सर्वे से प्राप्त मरीजों का संबंधित हॉस्पीटल में इलाज के लिए समुचित व्यवस्था किया जाए। अधिक से अधिक मरीजों का चिन्हांकर कर उनको स्वास्थ्य का लाभ दें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वे पुनः आयुष्मान शिविर सह आधार अपडेट का शिविर चलाएं और शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने विद्युत अधिकारी प्रफुल्ल चंद्र महानंदा को निर्देश दिए कि बिजली कटौती से संबंधित कोई रूकावट है तो उसका आवश्यक सुधार करें। साथ ही स्मार्ट मीटर जिन विभागों ने नहीं लगाया है, उन विभागों में स्मार्ट मीटर कार्य शीघ्रता से लगवाएं। भूअर्जन के प्रकरण में अब तक संतोषजनक कार्य नहीं होने पर कार्यपालन अभियंता पी एल पैकरा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को भी लगातार समय सीमा की बैठक में अनुपस्थित रहने और विभागीय कार्यों में संतोषजनक कार्य नहीं करने पर नोटिस जारी करन के निर्देश दिए। एम माह से अधिक समय तक बिना अनुमति शासकीय सेवक की अनुपस्थित पर उनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही नहीं करने वाले प्राचार्य के साथ साथ बीईओ को भी नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने श्रम कार्यालय सहित सभी कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र और राशन दुकान सहित अन्य संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यालय के बंद होने, शिविर होने या कोई अन्य ड्यूटी में प्रस्थान करने के पूर्व अपने कार्यालय के दरवाजा या सूचना पटल में कार्यालय, संस्था या राशन दुकान बंद होने के कारण को दर्शाएं।

**फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए दिए निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों ने खरीफ फसल की धान बुआई कार्य प्रारंभ कर दिया है। ऐसे में उनके खेतों का सर्वे कार्य प्रारंभ करें। साथ ही किसानों को एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन करने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी किसानों को प्रेरित कर पंजीयन कराएं और उन्हें समझाएं कि एग्रीस्टेक में पंजीयन करने पर ही किसान को प्रधानमंत्री फसल बीमा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि विभिन्न योजनाओं का लाभ होगा। धान खरीदी भी पंजीयन के बाद होगा। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टेक भारत सरकार द्वारा विकसित भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए एक डिजिटल रिकार्ड है।

# घरेलू कचरे के संग्रहण की आदतों के विकास हेतु करें प्रयास: कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अप्रारम्भ कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने ग्रामीण सचिवालयों की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से सचिवालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही सचिवालयों में प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण कराने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर ने बैंकों के सहयोग से लोन मेला आयोजित कर मुद्रा ऋण वितरण को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत समूह गठन की स्थिति का जायजा लेते हुए डिजिटल आजीविका रजिस्टर के कार्य को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के द्वारा भुगतान की स्थिति का जायज़ा लेते हुए अधिक से अधिक प्रचार कर लोगों को इसकी जानकारी प्रदान करने एवं भुगतान की संख्या में वृद्धि तथा नियमित संचालन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रिगेशन शेड के निर्माण कार्यों की स्थिति का जायज़ा लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम स्तर पर घरेलू कचरे के डोर टू डोर कलेक्शन को प्रारम्भ कराने के लिए स्वसहायता समूहों की स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशिक्षण देने एवं लोगों में घरेलू कचरे के संग्रहण एवं पृथक्करण की आदतों को विकसित करने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

**स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण हेतु चलाएं विशेष अभियान**

# राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राजस्व विभाग की समीक्षा हेतु मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

- राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इनके त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए। निर्धारित समय सीमा से बाहर प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के लिए कहा। उन्होंने आधार एवं मोबाइल नम्बर अद्यतनीकरण, किसान किताब प्रविष्टि की स्थिति, अविवादित नामांतरण, नक्शा अद्यतनीकरण, फौती नामांतरण, अविवादित नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, ई नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्ती के मामलों पर विस्तृत चर्चा की। सभी कार्यों को समयानुसार पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण हेतु धरती आबा योजनांन्तर्गत संचालित शिविरों के माध्यम से ऐसे गांवों में विशेष अभियान संचालित कर शत प्रतिशत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजनांन्तर्गत किए गए कार्यों की सामीक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमि आबंटन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी पर त्वरित कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। भारतमाला परियोजना परियोजना के तहत भूअर्जन के मामलों एवं मुआवजा केप्रकरणों हेतु विशेष शिविरों द्वारा प्रकरणों के त्वरित निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के विकास कार्यों हेतु भूअर्जन और मुआवजा वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी का निराकरण जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए।




### गजरथ ने 29 स्कूलों में पहुंचकर 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों को हाथी की गतिविधियों की दी जानकारी

**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल के गजरथ ने अब तक फरसाबहार विकासखण्ड क्षेत्र के 29 स्कूलों में पहुंचकर लगभग 4059 छात्र-छात्राओं को हाथी के व्यवहार एवं गतिविधियों की जानकारी दी है।

विभाग के अनुसार गजरथ यात्रा निरंतर जारी है, 21 जुलाई को गज रथ फरसाबहार विकासखण्ड के स्कूलों में पहुंचकर 6वीं से 12वीं के छात्रों को जागरूक किया है। विदित हो कि 21 जून 2025 को जशपुर वनमण्डल के गज रथ यात्रा 2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है। गज रथ यात्रा हाथी प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर दौरा कर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि के संबंध में विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राअें को जानकारी देकर जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है।





# सलाकार में दिखेगी देशभक्ति और जासूसी से भरपूर कहानी

**मुंबई।** अगस्त के महीने में हर बार देशभक्ति से भरपूर फिल्में और वेब सीरीज भारी मात्रा में रिलीज होती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। इसी क्रम में अब एक और प्रोजेक्ट सलाकार 8 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी। जिसमें जासूसी से भरी कहानी दिखाई जाएगी। कहानी भारत-पाकिस्तान आधारित होगी। जहां पाकिस्तान को रोकने के लिए भारत एक होशियार अधिकारी को वहां भेजती है। जो स्पाई भी है और अधिकारी भी है। वीडियो में उसे तुरुप का इक्का बताते हुए उसकी खूबियां गिनाई जाती हैं। जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर भी है। वो पाकिस्तान में छिपकर रहता है। सलाकार की कहानी कहीं न कहीं राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल पर आधारित है।

लाइफStyle

# आलिया

## एशियन प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई डिफिकल्ट डॉटर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया भट्ट इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डिफिकल्ट डॉटर्स' बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ)' के लिए चुनी गई है। डेडलाइन के मुताबिक यह फिल्म उन 30 फिल्मों में से एक है जो एशियन प्रोजेक्ट मार्केट (एपीएम) के लिए चुनी गई है।

फिल्म का निर्देशन आलिया की मां सोनी राजदान ने किया है। इसकी निर्माता आलिया भट्ट, उनकी बहन शाहीन भट्ट और एलन एमसीएलेक्स हैं। डिफिकल्ट डॉटर्स एशिया भर से चुनिंदा फिल्मों में से एक है, जिसे एपीएम में प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रोग्राम में फिल्म निर्माता अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और सह-निर्माताओं से जुड़ेंगे। इस सूची में एक और प्रोजेक्ट 'द लास्ट ऑफ देम प्लेग्स' है। इसका निर्देशन कुंजिला ने किया है और इसका निर्माण अभिनेत्री कनी कुसरुति और पायल कपाड़िया ने किया है। कुसरुति पिछले साल बीआईएफएफ के न्यू करंट्स सेक्शन की जूरी सदस्य थीं। बीआईएफएफ में फिल्म मून को भी चुना गया है। इसके निर्देशक प्रदीप कुर्बाह हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार वासन बाला की फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं। उन्होंने इस फिल्म में अभिनय भी किया और इसकी निर्माता भी थीं। फिल्म की कहानी एक बहन के अपने भाई को जेल से छुड़ाने के मिशन पर आधारित है। वह अगली बार यशराज फिल्म्स की जासूसी फिल्म 'अल्फा' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 'लव एंड वॉर' में भी काम कर रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



# बजट से दोगुनी हो गई कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन ने रिलीज के साथ ही पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। जेम्स गन ने फिल्म को कुछ इस नए अंदाज में पेश किया है कि ये हर किसी की दिल जीत रही है। अगर सुपरमैन के बजट की बात करें तो यह लगभग 1940 करोड़ रुपए है। इस भारी-भरकम बजट के साथ बनी यह सुपरहीरो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 3510 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।



# टॉम ट्रूप ने थिएटर में भी कमाया नाम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम ट्रूप का निधन हो गया है। उन्होंने छह दशकों तक मंच और पर्दे (फिल्म और टीवी) पर अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता। वह 97 वर्ष के थे। टॉम ट्रूप ने ब्रॉडवे प्रोडक्शन्स में अच्छा काम किया है। उन्होंने 75 से अधिक टीवी शोज में जबरदस्त किरदार निभाए हैं। स्टार ट्रेक, मिशनः इम्पॉसिबल, फ्रेजियर और चीयर्स जैसी मशहूर सीरीज में उन्होंने शानदार काम किया है। उनके प्रदर्शन ने उन्हें हर पीढ़ी के दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 1957 में उन्होंने ब्रॉडवे नाटक द डायरी ऑफ ऐन फ्रैंक से अभिनय में डेब्यू किया। 1958 में वे लॉस एंजिल्स चले गए। इसके बाद से उनका हॉलीवुड सफर शुरू हुआ।



# वीर के साथ रिलेशनशिप किया कन्फर्म...

**मुंबई।** तारा सुतारिया एक बार फिर अपने रिलेशनशिप स्टेटेस को लेकर सुर्खियों में हैं। तारा और वीर पहाड़िया के बीच की नजदीकियां एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई हैं। अब वीर का एक कमेंट दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा दे रहा है। दरअसल, एक दिन पहले तारा सुताारिया ने पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ एक तस्वीर शेयर की हैं, जिस पर वीर पहाड़िया ने एक प्यारा सा कमेंट किया। तारा के लेटेस्ट पोस्ट पर वीर ने 'माय लव' लिखते हुए कमेंट किया, जिसके जवाब में तारा ने रिप्लाई देते हुए माइन लिखा। दोनों के बीच इस बातचीत को देखकर फैंस को ये समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि दोनों शायद अपने रिलेशनशिप की तरफ इशारा कर रहे हैं। कई लोगों ने तो ये भी कहा कि अब फाइनली दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट कर लिया है।



# धड़क-2 का गाना तेरे संग लागी जो... रिलीज

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क 2' का एक और गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने को लेकर करण जौहर ने भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'धड़क 2' का गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। 'प्रीत रे' गाने का संगीत रोचक कोहली ने दिया है। इस गाने को दर्शन रावल, जोनिता गांधी और रोचक कोहली ने अपनी आवाज से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक कंपोजर रोचक कोहली हैं। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'धड़क 2' के गाने 'प्रीत रे' की रिलीज को लेकर गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेशमी से धागे हैं, सांसें दौड़ें भागें हैं, तेरे संग लागी जो प्रीत रे।

टीवी मसाला



# आदित्य श्रीवास्तव को सीआईडी के अभिजीत बनकर मिली अलग पहचान

**नई दिल्ली।** आदित्य श्रीवास्तव ने हमेशा से अभिनय की दुनिया में कदम रखने की ठानी थी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन के दौरान थिएटर करने लगे। आगे चलकर दिल्ली आए और यहां भी थिएटर में सक्रिय हुए। आदित्य को बॉलीवुड में पहला मौका शेखर कपूर ने अपनी फिल्म बैंडिट क्वीन में दिया था। इसके बाद वह कई फिल्मों और टीवी सीरियल में दिखे। मगर टीवी पर पहचान आदित्य को शो सीआईडी के जरिए मिली। 20 साल तक वह इस शो का हिस्सा रहे। छह साल के गैप के बाद सीआईडी फिर शुरू हुआ, इसमें भी आदित्य नजर आ रहे हैं। मगर इस किरदार के अलावा उन्होंने कई फिल्मों में बेहतरीन किरदार भी किए हैं। रामगोपल वर्मा निर्देशित फिल्म सत्या (1998) के अधिकतर किरदार दर्शकों को आज भी याद हैं। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी, सौरभ शुक्ला, परेश रावल, उर्मिला मातोंडकर जैसे उम्दा कलाकारों के साथ अपनी अदाकारी दिखाने का मौका आदित्य श्रीवास्तव को भी मिला। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर खांदीलकर का किरदार निभाया था। शाहरुख खान की फिल्म 'दिल से(1998)' में मनीषा कोइराला ने एक आतंकवादी का रोल किया। फिल्म में एक आतंकी का रोल आदित्य श्रीवास्तव ने भी किया था। यह ऐसा किरदार था, जो अपने मकसद से पीछे हटने को राजी नहीं होता है। इस फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। 2004 में ऋतिक रोशन की फिल्म 'लक्ष्य' में आदित्य श्रीवास्तव ने एक अहम किरदार निभाया। वह लेफ्टिनेट कर्नल प्रदीप के रोल में नजर आए। एक फौजी के साहस को, शौर्य को यह किरदार बखूबी दिखाता है।

## 29 को रिलीज होगा नागिन 7 का पहला टीजर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-निर्देशक एकता कपूर इन दिनों अपने टीवी सीयियल नागिन के सीजन सात को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। नागिन 7 के आने का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



एकता सीरियल नागिन के अभी तक छह सीजन की कहानी को रोमांचक तरीके से पर्दे पर पेश करती आई हैं। अब वह जल्द ही 'नागिन 7' लेकर आने वाली हैं। नागिन के दीवानों, तैयार हो जाइए! नागिन सीजन 7 का रोमांचक टीजर इस नाग पंचमी, 29 जुलाई को रिलीज होगा। नागिन के अभी तक छह सीजन दर्शकों को मनोरंजन कर चुके हैं। वहीं अब फैंस को नागिन सीजन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है। नागिन 7 में ईशा मालवीय और विवियन डीसेना मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। एकता के सीरिल नागिन में कई चेहरों को पहचान दिलाई है। इस लिस्ट में तेजस्वी प्रकाश से लेकर मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी, अदा खान, निया शर्मा, और सुरभि चंदना जैसी अभिनेत्रियां शामिल हैं।

# हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देंगी ये सीरीज एक में कोर्टरूम बना कॉमेडी का अखाड़ा

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की वो 5 वेब सीरीज जिनमें कॉमेडी का भरपूर तड़का है। जिन्हें देखने के बाद आपका दिन बहुत ही खास और शानदार बन जाएगा। इनमें से एक सीरीज में तो कोर्टरूम ही कॉमेडी का अखाड़ा बन गया था। इनमें पहली है रवि किशन, नैला ग्रेवाल, निधि बिष्ट और अनंत जोशी जैसे शानदार कलाकारों जैसी सीरीज मामला लीगल है। इस कोर्टरूम ड्रामा सीरीज को राहुल पांडे ने डायरेक्ट किया है। ये सीरीज पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के वकीलों की रोजाना जिंदगी को दिखाती है। इस सीरीज के हर एपिसोड में कानून के नाम पर कुछ ऐसा दिखाया गया है जिसे देख आप अपना पेट पकड़ के हंसने लगेंगे।

***दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी :*** ये एक मजेदार और दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी है, जिसमें पांच दोस्त, एरिन, ओरला, क्लेयर, मिशेल और जेम्स की कहानी दिखाई गई है। ये सब 1990 के दशक के उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं, जब वहां राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल चल रही थी, जिसे 'मुसीबतें' कहा जाता है। ये सभी दोस्त एक




कैथोलिक लड़कियों के स्कूल में पढ़ते हैं इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे ये पांचों स्कूल की लाइफ, दोस्ती, प्यार और अपने आस-पास की मुश्किलों के बीच मजेदार और अजीब हालातों में फंसते रहते हैं। इसका हर एपिसोड भी दिल छू लेने वाला है।

***मिडिल क्लास आदमी की कहानी:*** मावन कौल की वेब सीरीज त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर एक सिद्धांतों पर चलने वाले मिडिल क्लास आदमी की कहानी है। सीरीज की शुरुआत त्रिभुवन मिश्रा (मानव कौल) के सफर से होती है, जो एक सरकारी दफ्तर में काम करने वाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। इस वेब सीरीज की कहानी त्रिभुवन के दोहरे जीवन और आपराधिक अंडरवर्ल्ड के माध्यम से उसकी यात्रा पर आधारित है, ये सीरीज कई मजेदार कॉमेडी के साथ आगे बढ़ती है।

***डार्क कॉमेडी जीत लेगी दिल :*** डेरी गर्ल्सः एक डार्क कॉमेडी सीरीज है। यानी इसमें गहरे और गंभीर मुद्दों को भी मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। इस सीरीज की कहानी शुरू होती है जेन से, जो अपने पति की एक कार एक्सीडेंट में मौत के बाद बहुत गुस्से और दुख में डूबी हुई है। ये सीरीज के लिए भी आप वक्त निकालेंगे तो ये सीरीज आपको दिन बना देगी।

***जबरदस्त डायलॉग्स और हास्य से भरपूर पल :*** अरेस्टेड डेवलेप्मेंट ये एक बेहद तारीफ पाने वाली कॉमेडी सीरीज है, जो ब्लूथ परिवार की कहानी दिखाती है। ये एक अमीर और बिगड़ा हुआ परिवार है, जिसकी जिंदगी तब उलट-पुलट हो जाती है जब परिवार के मुखिया जॉर्ज ब्लुथ सीनियर को अपनी रियल एस्टेट कंपनी में धोखाधड़ी करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# *कोरियन फिल्म की कॉपी है सैयारा, सब कुछ है सेम!*

*__मुंबई।__ फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल करके दिखाया है जो बॉलीवुड की किसी फिल्म ने बीते कई सालों से नहीं किया। दो डेब्यू एक्टर्स की फिल्म सुपरहिट हो गई है और इसका जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बेहिसाब लोग फिल्म देखने थिएटर्स में पहुंच रहे हैं और मूवी देखने के बाद आंसू बनकर उनकी आंखों से छलकते इमोशन्स के क्लिप भी इंटरनेट पर आ रहे हैं। लेकिन, अब इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ लोगों का दावा है कि यह फिल्म असल में एक कोरियन फिल्म की कॉपी है। लोगों का कहना है कि सैयारा और साल 2004 में आई कोरियन फिल्म अ मोमेंट टु रिमेंबर की कहानी का प्लॉट काफी हद तक एक जैसा है। फिल्म के डायरेक्टर मोहित सूरी ने अभी तक इस बारे में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। सोशल मीडिया पर एक शख्स ने लिखा- सैयारा एक कोरियरन फिल्म की कॉपी है। मोहित सूरी विरले ही कभी कोई ऑरिजनल फिल्म बनाते हैं। वहीं ,दूसरे ने लिखा- दोनों फिल्मों में ज्यादातर चीजें एक जैसी हैं। दोनों फिल्मों की कहानी और एंडिंग भी सेम है। फिल्म के बारे में एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया- मोहित सूरी और उनका साउथ कोरियन फिल्मों को लेकर प्यार। एक विलेन भी आई सॉ द डेविल से प्रेरित होकर बनाई थी। कोरियन फिल्म 'अ मोमेंट टु रिमेंबर' की करें तो जॉन एच ली के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी और उसे बेहिसाब प्यार मिला था। यह फिल्म आपको नेटफ्लिक्स पर देखने मिल जाएगी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 रही थी और इसे अलग-अलग देशों की जनता ने सराहा था।*



## इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय थे शिवाजी गणेशन

# 7 साल की उम्र में शुरू किया थिएटर, पहली ही फिल्म में निकालना चाहते थे मेकर्स

*__मुंबई।__ महज सात साल की उम्र में स्टेज पर पहुंचना और थिएटर करना, वो भी घरवालों की मर्जी के खिलाफ। उसके बाद फिल्मों में एंट्री और देखते-देखते ही 250 से अधिक फिल्में और भारतीय सिनेमा की पहचान बन जाना। ये कोई फिल्मी कहानी नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा के दिग्गज और तमिल सिनेमा के सुपरस्टार शिवाजी गणेशन की असल जिंदगी का फलसफा है।*

### पूरी दुनिया में थी लोकप्रियता

1 अक्टूबर 1928 को मद्रास (अब चेन्नई) के विल्लुपुरम में गणेशमूर्ति के नाम से जन्में शिवाजी गणेशन की गिनती तमिल सिनेमा के एक दिग्गज अभिनेता और निर्माता के तौर पर होती है। शिवाजी गणेशन की लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में थी। उन्हें विदेशों में भी काफी सम्मान दिया जाता था। उनकी लोकप्रियता का आलम ये था कि लोग उन्हें सिर्फ लीड एक्टर के तौर पर ही देखना चाहते थे। 21 जुलाई 2001 को दुनिया को अलविदा कहने वाले शिवाजी गणेशन की सोमवार को 24वीं पुण्यतिथि थी।

### भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी डांस सीखे

शिवाजी गणेशन को बचपन से ही ड्रामा करने का शौक था। इसीलिए उन्होंने सिर्फ सात साल की उम्र में ही अपना घर छोड़कर थिएटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया। इसके बाद दस साल की उम्र में वह तिरुचिरापल्ली चले गए और संगिलियंदपुरम में एक थिएटर ग्रुप में शामिल हो गए और स्टेज पर नाटक करने लगे। इसी दौरान उन्होंने एक्टिंग के साथ-साथ डांस भी सीखा। उन्होंने भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी जैसे अलग-अलग डांस सीखे। शिवाजी गणेशन कई वर्षों तक थिएटर से जुड़े रहे।

### करुणानिधि ने लिखी थी स्क्रिप्ट

कृष्णा-पंजू की जोड़ी द्वारा निर्देशित पराशक्ति के डिस्ट्रीब्यूटर पीए पेरुमल मुदलियार थे। पीए पेरुमल मुदलियार शिवाजी गणेशन की थिएटर के दिनों में निभाई गई नूर जहां की भूमिका से काफी प्रभावित हुए थे। इसके बाद उन्होंने गणेशन को फिल्म का ऑडिशन देने के लिए फ्लाइट के टिकट भेजकर मद्रास बुलाया। हालांकि, पराशक्ति की शुरुआत गणेशन के लिए अच्छी नहीं रही। जब शूटिंग शुरू हुई और फिल्म के काफी हिस्से की शूटिंग हो चुकी थी, तो मेकर्स गणेशन के दुबले-पतले शरीर से नाखुश थे और उनकी जगह के.आर. रामासामी को लेना चाहते थे। लेकिन, पेरुमल ने इनकार कर दिया। यही नहीं, गणेशन के कई सीन भी पसंद नहीं थे, जिन्हें दोबारा से फिल्माया गया। ऐसा बताया जाता है कि पराशक्ति के लिए शिवाजी गणेशन को 250 रुपए की महीने भर की सैलरी मिली थी।





### 1952 में पराशक्ति से किया फिल्मी दुनिया में डेब्यू

कई साल तक थिएटर करने के बाद साल 1952 में शिवाजी गणेशन की पहली फिल्म परमशक्ति रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई थिएटर्स में 175 दिनों से भी ज्यादा दिन तक चली।

### दीं कई यादगार फिल्में

इसके बाद शिवाजी गणेशन ने एक के बाद एक कई यादगार और सुपरहिट फिल्में दीं। जिनमें वीरपांडिया कट्टाबोमन, 'पसमलर, उथमा पुथिरन, पालुम पजहमम, इरुम्बु थिराई, पडिक्कधा मेधाई, पावा मन्निप्पु, पडिथल मट्टम पोधुमा, आलयामणि, इरुवर उल्लम, अन्नाई इल्लम, आनंदवन कट्टलाई, कप्पलोटिया थमिजान, काई कोडुथा धीवम, पुथिया परवई और उनकी 100वीं फिल्म नवरात्रि शामिल हैं। शिवाजी ने अपने कॅरियर में फैमिली ड्रामा से लेकर रोमांटिक, कॉमेडी और क्राइम-थ्रिलर जैसी हर तरह की भूमिकाएं निभाईं और सबमें सफलता हासिल की।

### गणेशमूर्ति बने शिवाजी गणेशन

साल 1945 में उन्होंने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के जीवन पर बना एक नाटक 'शिवाजी कांडा हिंदू राज्यम'किया। इसमें उन्होंने शिवाजी की भूमिका निभाई। शिवाजी के किरदार में गणेशन की इतनी तारीफ हुई कि बाद में उन्होंने अपना नाम ही 'शिवाजी गणेशन'कर लिया। शिवाजी गणेशन को 1960 में आई उनकी फिल्म वीरपांडिया कट्टाबोमन के लिए काहिरा इजिप्ट में आयोजित एफ्रो-एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था। इंटरनेशनल फिल्म अवॉड्र्स में अवॉर्ड जीतने वाले शिवाजी गणेशन पहले भारतीय थे। यह फिल्म आज भी तमिल सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल है।

## खबर संक्षेप



### कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान

**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में नई शिक्षा नीति 2020 पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रवीण कुमार पांडे, अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संबोधित किया। डॉ पांडे निरीक्षण करने शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा पहुंचे हुए थे, निरीक्षण पश्चात विशिष्ट अतिथि व्याख्यान का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने की। व्याख्यान का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने डॉ. पांडे का पुष्पगुच्छ कर स्वागत किया गया। डॉ. पांडे ने अपने संबोधन में नई शिक्षा नीति 2020 की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, मूलभूत संरचना और इसके दूरगामी प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में समावेशिता, लचीलापन, कौशल विकास, बहुविषयक अध्ययन और समग्र मूल्यांकन प्रणाली जैसे नए आयामों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि यह नीति शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्ति तक सीमित नहीं रखती, बल्कि व्यक्तित्व विकास और रोजगारोन्मुखी कौशल पर बल देती है।

### जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता आज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में 23 जुलाई को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र परिसर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षण कोर्स जनरल ड्यूटी असिस्टेंट हेल्थ केयर सेक्टर के अंतर्गत प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत हितग्राही सम्मिलित होंगे।

### रणनीति बनाकर कराएं स्कूलों में पढ़ाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए स्कूल शिक्षा विभाग का बैठक लिया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने बैठक में उपस्थित बीईओ, एबीईओ, संकूल समन्वयक, प्राचार्य से पूछे कि, विगत वर्ष में जिले का परीक्षा परिणाम कम क्यों आया और इस शैक्षणिक वर्ष में परिणाम को बेहतर कैसे बनाएं इसके लिए क्या रणनीति बनाएं हैं। इसके साथ ही सभी प्राचार्य जिनके स्कूल में परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत के आसपास था, उनसे क्या कमी थी और जिनके टॉपर प्रतिशत वाले स्कूल के प्राचार्य से क्या रणनीति से आपने पढ़ाया, क्रमवार सभी स्कूल प्राचार्यों से कलेक्टर ने जानकारी लिया। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने बैठक में कहा कि कोई भी संस्था किस प्रकार संचालित होता है वो संस्था प्रमुख पर निर्भर होता है। बच्चों की उपस्थिति पर्याप्त है।

**न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / /अ-21/2024-25
साकिन-घरघोड़ा प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुत्रीबाई बरेठ पति फिरतूराम बरेठ जाति धोबी निवासी ग्राम घरघोड़ा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम घरघोड़ा प.ह.नंबर 14 तहसील घरघोड़ा में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 375/6 रकबा 0.020 हे0 परिवर्तित भूमि है। आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक न होने एवं अन्य आवश्यक कार्य के लिये खर्च हेतु रकम की आवश्यकता होने से उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति देने का निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 25/07/2025 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध मे जिसे किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 25.07.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**घरघोड़ा**

## 12 बजे से प्रदर्शन, भारी वाहनों की आवाजाही रोकी, स्कूली और निजी वाहनों को दी राहत

# ओवरब्रिज के पास कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने मंगलवार को रायगढ़ में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के कोतरारोड ओवरब्रिज के पास दोपहर लगभग 12 बजे से आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दी, जो दोपहर दो बजे तक चली। इस दौरान प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे।

प्रदर्शन के दौरान चारों ओर से आने जाने वाले ट्रक, डंपर और मालवाहक वाहनों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोक दिया, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने स्कूली बसों और चारपहिया निजी वाहनों को नहीं रोका, जिससे आम जनता को आंशिक राहत मिली। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने और बदनाम करने का प्रयास कर रही है, जिसे जनता के सामने उजागर करने के लिए यह विरोध आवश्यक था। प्रदर्शन के कारण दिनभर कोतरारोड क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा, लेकिन किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस की तैनाती मौके पर रही और स्थिति पर नजर बनाए रखी गई।



### प्रदर्शन में उमड़े कांग्रेस के बड़े नेता

इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। इनमें पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, निगम सभापति सलीम नियाजिया, पूर्व महापौर जानकी काटजू, शाखा यादव, विकास ठेठवार, अनिल अग्रवाल, आशीष जायसवाल, वसीम खान और रानी चौहान समेत कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### महिला और युवा कांग्रेस ने संभाला मोर्चा



प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने भी जोरदार नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर ईडी के खिलाफ नारे लगाते नज़र आए। दोपहर 2 बजे तक आंदोलन में शामिल लोगों की संख्या लगातार बढ़ती रही, जिससे माहौल और भी प्रभावशाली होता गया। प्रदर्शन स्थल पर पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था पर नज़र रखी गई। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और किसी भी प्रकार की हिंसा की सूचना नहीं मिली।

### सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए केंद्र सरकार ईडीए सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे को बेवजह फंसाया जा रहा है। देशभर में जो भी भाजपा की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे डराने के लिए ये एजेंसियाँ सक्रिय हो जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में ईडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

### सवाल उठाते ही शुरू हो जाती है ईडी की कार्रवाई : पटेल

पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि जब जब कांग्रेस ने अडाणी पर सवाल उठाया है, तभी ईडी ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे ही कांग्रेस ने विधानसभा में तमनार परियोजना का मुद्दा उठाया, ईडी ने अगले ही दिन कार्रवाई कर दी। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की नीति बताते हुए कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक विरोध को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।

## घरघोड़ा से लापता नाबालिग को झारसुगुड़ा से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



■ आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट में भेजा रिमांड

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर चलाए जा रहे हैं मुस्कान अभियान में घरघोड़ा थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को घरघोड़ा पुलिस ने झारखंड उड़ीसा सीमा से लगे ओड़िशा राज्य के झारसुगड़ा जिले के सारसमाल गांव से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक राहुल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

प्रकरण की शुरुआत 17 जुलाई को तब हुई जब एक महिला ने घरघोड़ा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री 16 जुलाई की शाम करीब 5 बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने रिश्तेदारी एवं आसपास में काफी खोजबीन कीए लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। महिला ने शंका जताई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना घरघोड़ा में गुम इंसान और धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नाबालिग झारसुगड़ा जिले के सारसमाल गांव में है। 20 जुलाई को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर टीआई कुमार गौरव साहू त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ओड़िशा रवाना किया गया। पुलिस टीम पीड़िता को आरोपी राहुल के कब्जे से बरामद कर घरघोड़ा लाया। पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी से बयान और मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें उसने बताया कि जून माह में पड़ोस में हुए एक शादी कार्यक्रम में उसकी पहचान राहुल से हुई थी। इसके बाद राहुल ने उससे बातचीत शुरू की और प्रेम संबंध बनाने का प्रस्ताव दिया था।

आरोपी ने पीड़िता से शादी का वादा कर 16 जुलाई को घरघोड़ा आकर उसे बहला फुसलाकर पहले रायगढ़ और फिर ट्रेन से झारसुगड़ा स्थित अपने घर ले गयाए जहां शारीरिक संबंध बनाए बालिका के कथनानुसार प्रकरण में धारा 87,64(1)65(1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट विस्तारित की गई। पुलिस ने राहुल उम्र 19 वर्ष, निवासी सारसमाल सतनामीपारा, थाना सदर, जिला झारसुगड़ा उड़ीसा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। प्रकरण में आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## चौदह केंद्रों में होगी आबकारी भर्ती परीक्षा, 4361 अभ्यर्थी होंगे शामिल

■ तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

**सारंगढ़।** आगामी 27 जुलाई रविवार को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने बैठक ली। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चलेगी। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इसमें 4361 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बैठक में नोडल अधिकारी अनिकेत साहूए सहायक नोडल अधिकारी नरेश चौहान और एएसपी निमिषा पांडेय जिला पुलिस नोडल अधिकारी, तहसीलदार सहित परीक्षा केंद्र प्रभारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने सभी को कहा कि जिस परीक्षा केंद्र में जिस परीक्षार्थी का है, उसकी जांच करने पर ही उसे प्रवेश दें। किसी भी परिस्थिति में कोई परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र दूसरा हो, ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के सभी निर्देशों के अनुसार ही परीक्षा का कुशल आयोजन होना चाहिए।

व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में नकल रोकने व्यवस्था किया गया है, जिसमें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा हाथों से तलाशी, फ्रिस्किंग किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से यह फ्रिस्किंग कार्य किया जाना है। ये पुलिस कर्मी परीक्षा प्रारंभ होने से 2.30 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देंगे। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाना है। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद इन दोनों पुलिस कर्मी में से एक एक पुलिस कर्मी बारी.बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहे ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। परीक्षार्थियों के लिए व्यापम द्वारा जारी निर्देश की जानकारी बैठक में दिया गया। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये, फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।



### परीक्षा केन्द्र का मिलान ध्यान से करें परीक्षार्थी

परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने, आपाधापी, सही ढंग से रोलनंबर और परीक्षा केन्द्र चेक नहीं कर पाने की स्थिति में परीक्षार्थी दूसरे केन्द्र में भूलवश पहुंच जाते हैं और वीक्षक के द्वारा चेक करने पर गलती का एहसास होता है तब तक संबंधित परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में समय बीत चुका होता है और उस परीक्षा के लिए एक साल या आगामी परीक्षा तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसे परिस्थिति नहीं आने के लिए परीक्षार्थी ध्यान से अपने परीक्षा केन्द्र और रोलनंबर का जांच कर लें।

### तैयारियों के साथ परीक्षा देने जाएं अभ्यर्थी

प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## बिरहोर परिवार के गृह प्रवेश में पहुंचे वित्त मंत्री

■ नन्हे बच्चे से कटवाया फीता, शासन के योजना के क्रियान्वयन की ली जानकारी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी लैलूंगा प्रवास के दौरान कुर्रा गांव में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के बिरहोर परिवारों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने सुकनी बिरहोर के पीएम आवास का गृह प्रवेश कराया और नए मकान की पूरे परिवार को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार के नन्हें बच्चे दिलीप बिरहोर से ही गृह प्रवेश का फीता कटवाया। इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने कुर्रा में चौपाल लगा कर बिरहोर समुदाय के परिवारों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

पीएम जनमन योजना के तहत परिवारों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रायगढ़ में रह रहे बिरहोर परिवारों के लिए पीएम आवास का निर्माण प्राथमिकता से किया गया है। इसी तरह शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से भी उन्हें जोड़ा जा रहा है। मुलाकात के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बिरहोर परिवारों से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में चर्चा की। उपस्थित लोगों ने सीसी रोड, सोलर स्ट्रीट लाइट के साथ ही पानी की उपलब्धता के लिए सुविधाओं को बढ़ाने की बात रखी। सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी की गई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को बिरहोर परिवारों के आवश्यकता अनुरूप सुविधाओं का प्राथमिकता से विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को दुलार किया और सभी को अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष कपिल सिंघानिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत व गोपाल अग्रवाल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मनोज सतपथी, रमेश होता, कुर्रा की सरपंच दमयंती राठिया, उप सरपंच राजकुमारी खलखो, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद श्रीमती प्रीति नायडू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## अभिनव स्कूल में छात्रसंघ का चुनाव संपन्न

**पुसौर।** पुसौर में स्थापित अभिनव विद्या मंदिर में छात्रसंघ का चुनाव संपन्न हुआ। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले स्कूल प्रबंधन की तरफ से स्कूल की व्यवस्था में कसावट लाने के लिए चुनाव की तैयारी शुरू हुई थी। इस बीच स्कूल प्रबंधन से जुड़े व शिक्षक अभिनव सतपथी ने इवीएम के तर्ज में चुनाव कराने के लिए पहल किया जिसमें सभी कक्षा शिक्षकों के मोबाईल को इवीएम बनाए गए जहां छात्रों ने अपने अपने मतदान किया। चुनाव से पहले विधिवत एक चुनाव अधिकारी वरिष्ठ शिक्षक उमेश साव को बनाया गया जो प्रत्येक कक्षा में जाकर जिन पदों के लिये चुनाव किया जाना था उसके लिए उम्मीदवार तैयार किए गए जिसमें एक पद के विरूद्ध कहीं कहीं 3 से अधिक की संख्या में उम्मीदवार रहे। इस संबंध में चुनाव अधिकारी ने बताया कि शालेय व्यवस्था को देखते हुए जिन जिन पदाधिकारियों की जरूरत रहती है उसके लिए 6 से 12 तक के कक्षा में उम्मीदवार व मतदाता तैयार किए गए। संबंधित उम्मीदवारों को अपने पक्ष में वोट मांगने 2 घंटे का समय भी दिया गया और उसके बाद चुनाव हुआ और उसके दूसरे दिन चुनाव परिणाम घोषित किया जाकर उनका शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी रखा गया।



### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक एबी, 25 भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ प्रवीण भगतए को नोडल अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सुशांतो बनर्जी को पुलिस नोडल अधिकारी तथा सहायक परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ व्याशाउमावि चांदमारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने जब्त

**रायगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है और खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रायगढ़ शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और दूध व दुग्ध उत्पादों सहित अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की। अभियान के दौरान टीम ने शहर के कई प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मुरारी द किचन ढ़िमरापुर चौक का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त कारखाना मुरारी एवं महावीर मिष्ठान भंडार, हटरी चौक से खोवा खुला का नमूना संदेह के आधार पर जब्त किया गया। साथ ही गणगौर स्वीट्स पैलेस रोड, विकास डेयरी चक्रधर नगर और फ्रेश सेल बड़े रामपुर स्थित पनीर निर्माण इकाई का भी निरीक्षण किया गया। यहां से खुले पनीर का नमूना लिया गया और प्रतिष्ठानों को साफ सफाई व अन्य सुधारों के लिए नोटिस जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। संदिग्ध खाद्य उत्पादों की जांच के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सरिता पटेल, सागर दत्ता, शांतनु भट्टाचार्य और नमूना सहायक शाश्वत तिवारी शामिल थे।

## कोटगढ़ में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं न होने देने की ली

ग्राम पंचायत कोटगढ़ की ग्राम सभा बैठक में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा इस निर्णय के माध्यम से ग्राम को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

बैठक में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ ली तथा इसके रोकथाम के लिए आगामी कार्ययोजना भी तैयार की गई। ग्राम सभा की बैठक सरपंच छोटेलाल रामचरण कंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत में यदि लड़का या लड़की की आयु कानूनी मानक (लड़कों के लिए 21 वर्ष, लड़कियों के लिए 18 वर्ष) से कम होगी तो ग्राम पंचायत स्वयं संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगी। साथ ही, सभी वार्ड पंच अपने-अपने वार्ड एवं मोहल्लों की निगरानी करेंगे, जिससे कोई भी बाल विवाह छुपकर न हो सके। यह निर्णय कलेक्टर जन्मेजय मोहबे के निर्देशन में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त जांजगीर अभियान के तहत लिया गया। जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ तथा युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम के सहयोग से बाल विवाह उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बाल विवाह के दुष्परिणामों पर सामाजिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम तथा अनुविभागीय अधिकारी विक्रांत आंचल के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय में संवाद लगातार किया जा रहा है।



बाल विवाह न करने शपथ लेते लोग।

